(1179)

दिनांक 28/06/2021 को निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), पटना, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना की अध्यक्षता में **Renovation Work of Bihar Emporium at Maurya Lok Complex, Patna** के पुनर्निविदा में प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

सदस्य उपस्थित :–

I. निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), आई०डी०ए०, पटना
II. प्र० निदेशक (वित्त), आई०डी०ए०, पटना
III. कार्यपालक अभियंता (तकनीकी–1), आई०डी०ए०, पटना
IV. कार्यपालक अभियंता (तकनीकी–2), आई०डी०ए०, पटना
V. कार्यपालक अभियंता (पी०डी०ए०), आई०डी०ए०, पटना

1. योजना का नाम : Renovation Work of Bihar Emporium at Maurya Lok Complex, Patna
2. योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि : रु० 81,35,642.00 मात्र
3. योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि : रु० 70,13,515.00 मात्र
4. परिमाण विपत्र की कुल राशि : रु० 65,03,630.00 मात्र
5. निविदा सूचना सं० : 10/TEN/IDA/21
6. निविदा आमंत्रण की तिथि : 27.04.2021
7. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि (विस्तारित) : 05.06.2021
8. तकनीकी बीड खोलने की अंतिम तिथि (विस्तारित) : 05.06.2021
9. निविदा प्रसारण का माध्यम : ई–निविदा एवं दैनिक जागरण समाचार पत्र
10. प्रकाशन का पी०आर० सं० : 000850 (Ni.Ni) 2021-22

## निविदा समिति की कार्यवाही –

प्रथम बार ई–निविदा सं० 3/TEN/IDA/21 दिनांक 24.02.2021 के माध्यम से निविदा की गई। पुनर्निविदा के आलोक में दिनांक 27.04.2021 को निविदा सं० 10/TEN/IDA/21 के माध्यम से निविदा की गई, जिसमें कुल तीन निविदादाताओं क्रमशः Surendra Prasad Singh (Patna), Krishna Kumar Singh (Patna) एवं Kumar Construction (Patna) ने भाग लिया। दिनांक 14.06.2021 को निविदा समिति के बैठक में Surendra Prasad Singh (Patna) एवं Kumar Construction (Patna) को सफल पाया गया। बैठक की कार्यवाही को प्राधिकार के वेबसाइट पर अपलोड किया गया। निविदा समिति के निर्णय के आलोक में दो परिवाद प्राप्त हुई, जो क्रमशः Alchem Envirotech (Siwan) एवं Krishna Kumar Singh (Patna) हैं।

**Alchem Envirotech (Siwan)** - इनका आरोप है कि इस कार्य के प्रथम निविदा सं० 3/TEN/IDA/21 में उन्हें Bank Certificate Conditional के कारण असफल किया गया। यह आरोप गलत है। दिनांक 12.04.2021 को निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार इनको Similar Nature of Work का अनुभव नहीं देने के कारण असफल किया गया, साथ ही Bank Certificate Conditional भी था।

पुनः Retender (NIT- 10/TEN/IDA/21) में अवसर मिलने पर इनके द्वारा भाग ही नहीं लिया गया।

अतः इनका परिवाद मान्य योग्य नहीं है।

**Krishna Kumar Singh (Patna)** – दिनांक 12.04.2021 को निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार निविदा सं० 3/TEN/IDA/21 में इनके द्वारा समर्पित कागजात में Electrical Engineer नहीं रहने एवं Bid Validity 120 दिन के स्थान पर मात्र 90 दिन देने के कारण असफल किया गया। उक्त निविदा में Puja Engicon एकल निविदा हो गये। प्रथम बार एकल निविदा होने के कारण निविदा को रद्द कर दिया गया। दिनांक 14.06.2021 को निविदा समिति के बैठक के अनुसार पुनर्निविदा सं० 10/TEN/IDA/21 करने पर इनके द्वारा Availability of Credit Facility हेतु कागजात संलग्न ही नहीं किया गया। अतः असफल हो गये।

इनका आरोप है कि निविदादाता Surendra Prasad Singh (Patna), जो प्रथम श्रेणी के संवेदक हैं, द्वितीय श्रेणी के निविदा में क्यों भाग लिया। अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पत्र सं० – प्र0–6–नियम–03–04/02(फोल्डर)326(ई0) दिनांक 22.01.2008 के आलोक में उच्च श्रेणी के निबंधित ठेकेदार अपने श्रेणी से नीचे के श्रेणी में निविदा डालने हेतु योग्य माने जायेगें। अतः इनका आरोप निराधार है।

इनका दूसरा आरोप है कि PWD के अनुसार 50% से अधिक अंक होने पर वित्तीय बीड खोला जाय। RCD में अंक आधार पर तकनीकी बीड निष्पादन का प्रावधान नहीं है। साथ ही प्राधिकार में की जाने वाली निविदाओं के NIT/Technical Bid Sheet में अंक आधारित निविदा करने का कोई प्रावधान नहीं है। अतः इनका आरोप निराधार है एवं इनका परिवाद मान्य नहीं है।

## निविदा समिति की निर्णय –

सर्वसम्मति से सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि विषयांकित कार्य के आमंत्रित निविदा में Alchem Envirotech (Siwan) एवं Krishna Kumar Singh (Patna) के परिवाद में लगाये गये आरोप को अमान्य करती है तथा तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदादाताओं क्रमशः Surendra Prasad Singh (Patna) एवं Kumar Construction (Patna) का वित्तीय बीड खोलने की अनुशंसा निविदा समिति द्वारा करती है।

| 28-6-2021 | 28/6/21 | 28-6-2021 | 28-6-21 | 28-6-2021 |
|---|---|---|---|---|
| (चंदन कुमार सिंह)<br>कार्यपालक अभियंता<br>(पी०डी०ए०)<br>आई०डी०ए०, पटना | (जय बहादुर सिंह)<br>कार्यपालक अभियंता<br>(तकनीकी–1)<br>आई०डी०ए०, पटना | (राजकिशोर प्रसाद)<br>कार्यपालक अभियंता<br>(तकनीकी–2)<br>आई०डी०ए०, पटना | (विनय कुमार आनंद)<br>प्र० निदेशक (वित्त)<br>आई०डी०ए०, पटना | (सुरेन्द्र यादव)<br>निदेशक<br>(कार्यक्रम कार्यान्वयन)<br>आई०डी०ए०, पटना |